Raj Express (Indore), 3rd May 2026, Page – 03

नीट यूजी2026 परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने बसों का इंतजाम कराया

अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

इंदौर में में रविवार 3 मई को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिए एआईसीटीएसएल की बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। यह बसें प्रातः 9 बजे से बस स्टेंड एवं रेल्वे स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगी। बसों के चार रूट बनाये गये है। बसें सांवेर, आईआईटी सिमरोल, आईआईएम एवं महू तक जायेंगी। शाम 5 बजे से परीक्षा के उपरांत बसें वापस आएंगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात की सुगमता के लिये भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ एवं पांच केन्द्रों पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए व्हीलचेयर तथा परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिये टेंट एवं पीने के पानी की व्यवस्था केन्द्र के बाहर रहेगी। परीक्षार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी और अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी मजिस्टेट तैनात किये गये है।